






## एक नजर में

### कुकडेश्वर में निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर



**नीमच।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय मनासा द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान, सेवा पखवाड़ा के तहत गुरूवार को निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुकड़ेश्वर में आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, उदर रोग, विबंध, श्वास,कास,प्रतिशाय, रक्त अल्पता, मधुमेह आदि बीमारियों की जांच कर, निशुल्क औषधियां वितरित की। शिविर में बच्चों को स्वास्थ्य शिक्षा एवं पोषण के बारे मे जानकारी दी गई। शिविर में कुल 55 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में डॉ.मदनलाल पाटीदार ने शिविर में सेवाएं दी। इस मौके पर श्री ललित कुमार मालवीय, डॉ.सीमा पाटीदार,सुश्री कला चौधरी, सुश्री मंजू शर्मा उपस्थित थी।

### कलेक्टर ने अवैध खनिज परिवहन के प्रकरण दर्ज किया

**नीमच।** कलेक्टर हिमाशु चंद्रा द्वारा अवैध खनिज परिवहन के एक प्रकरण में कुल चार लाख सैंतीस हजार पांच सौ रूपये की शास्ति अधिआरोपित की गई है । कलेक्टर ने मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत अनावेदक वाहन मालिक श्री सचिन पिता रविन्द्र पाराशर निवासी जमुनिया जिला नीमच द्वारा रेत परिवहन हेतु रायल्टी पास नहीं पाये जानें पर खनिज की रायल्टी का 15 गुना अर्थशास्ति राशि 37500 रूपए एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति 4 लाख इस प्रकार वाहन चालक ,मालिक पर कुल. 437500 रूपए की शास्ति अधिरोपित की है। खानि अधिकारी को निर्देशित किया है कि अधिरोपित जुर्माने की राशि 437500 रूपए चालान से 15 दिवस के अन्दर शासकीय कोष में जमा होने पर जप्त शुदा वाहन डम्पर (आर जे.09 जी.ई 1968 )को मुक्त करने के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही की जाए। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार खनिज सर्वेयर द्वार 13 सितम्बर 2025 को डीकेन तहसील जावद के आकस्मिक भ्रमण के दौरान वाहन डम्पर (आर जे.09 जी.ई 1968 ) में खनिज भरा हुआ पाया गया। वाहन चालक को रायल्टी रसीद जांच हेतु दिखाने के निर्देश दिए गए। मौके पर वाहन चालक,मालिक के पास रेत परिवहन हेतु रायल्टी पास नहीं पाये जाने पर वाहन जप्त कर,पुलिस चौकी डीकेन की अभिरक्षा में रखा गया तथा अवैध परिवहनकर्ता के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया था ।

### नीमच में मादक पदार्थों का होगा नष्टीकरण

**नीमच।** शासन के निर्देशानुसार 26 सितंबर 2025 को विक्रम सीमेंट फैक्ट्री, खोर नयागांव (जावद, जिला नीमच) में विभिन्न जिलों द्वारा जप्त अवैध मादक पदार्थों का नष्टीकरण किया जाएगा। यह कार्रवाई ड्रग विनष्टीकरण समिति की निगरानी में संपन्न की जाएगी। इस प्रक्रिया की अध्यक्षता रतलाम रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं ड्रग विनष्टीकरण समिति के अध्यक्ष द्वारा की जाएगी। साथ ही उज्जैन रेंज के डीआईजी और समिति के अन्य सदस्य भी इसमें शामिल रहेंगे। कार्यक्रम में रतलाम रेंज के अंतर्गत आने वाले जिले नीमच, मंदसौर और रतलाम तथा उज्जैन रेंज के जिला उज्जैन, देवास, शाजापुर और आगर–मालवा की पुलिस इकाइयों द्वारा जप्त मादक पदार्थों का विधिवत रूप से नष्ट किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक मंदसौर, नीमच, देवास और शाजापुर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस नष्टीकरण प्रक्रिया के दौरान मौजूद रहेंगे।

### हजरत वहीदउद्दीन मियाँजी सा. रे.अ. किले वाले पर 96 वां उर्स का आयोजन

**मंदसौर।** हजरत वहीदउद्दीन मियाँजी सा. रे.अ. किले वाले, मन्दसौर पर 28–29 सितम्बर 2025 को दो रोजा 96 वां उर्स का आयोजन किला परिसर मंदसौर में बड़ी शानो शोकत के साथ किया जा रहा है। जश्ने उर्स मुबारक में तशरीफ लाकर (पधारकर) दुआओं से फैजयाब हो। ता. 28 सितम्बर इतवार रविवार चांद की ता. 5 सुबह 8 बजे कुरआन ख्वानी रात 9 बजे महफिले मिलाद शरीफ हजरत छोटे मियाँजी सरकार तकरीर करेंगे। प्रोग्राम ता. 29 सितम्बर, पीर सोमवार चांद की ता. 6 सुबह 10 बजे से दोप. 3 बजे तक लंगर–ए–आम तक्सीम किया जावेगा, बाद नमाजे असर दरगाह मुबारक पर चादर पेश होगी व शिजरा ख्वानी व गुलपोशी होगी। 29 सितम्बर को रात्रि 9 बजे महफिले समाअ सुफियाना कव्वाली का शानदार प्रोग्राम होगा। जिसमें जनाब जुबेर नईम अजमेरी कव्वाल एण्ड पार्टी, जयपुर (राज.), जनाब वसीम निजामी कव्वाल एण्ड पार्टी, इंदौर (म.प्र.) व दुसरी मुकामी पार्टीयाँ अपना कलाम पेश करेंगी।

### अग्रसेन नगर मारूती मंदिर में गरबों की धूम



**मंदसौर।** अग्रसेन नगर मारूती मंदिर प्रांगण में गरबों की धूम मची हुई है। माताओं, बहनों द्वारा नीत नये गरबों की आकर्षक प्रस्तुती सबका मन मोह रही है। प्रतिदिन रात्रि 8 बजे आरती पश्चात डांडिया शुरू होता है जो देर रात चलता है। अग्रसेन नगर युवा मंडल अध्यक्ष पंकज भावसार ने बताया कि युवा मंडल द्वारा पारंपरिक तरीके से गरबों का आयोजन किया जा रहा है। यहां नौ दिनों तक माताजी की आराधना की जाकर दशहरे के दिन रावण दहन भी किया जाता है। हिमांशु व्यास द्वारा प्रतिदिन गरबा देखने आने वाले दर्शकों का कुमकुम तिलक लगाकर स्वागत किया जा रहा है तथा सनातन धर्म का संदेश दिया जा रहा है। समिति सदस्य आकाश अग्रवाल, विपीन भावसार, संदीप जैन, दिवाकर सुरावत, अंकुश सेठिया, आशीष राठौर, आशुतोष शिंदे, राजपाल चौहान आदि का भी व्यवस्था में सहयोग प्रतिदिन मिल रहा है।

### कल्पेश्वर महादेव महिला गरबा मंडल द्वारा गरबा कार्यक्रम का आयोजन



**भानपुरा।** नगर के मध्य कुटी बावड़ी, पंजाबी कॉलोनी रोड पर स्थित कल्पेश्वर महादेव महिला गरबा मंडल द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गरबा कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह और धार्मिक माहौल में किया जा रहा है। आकर्षक विद्युत सज्जा, भक्ति गीतों और गरबा संगीत के बीच कार्यक्रम में छोटी बच्चियों से लेकर महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सजी–धजी डांडिया नृत्य करती नजर आती हैं। नवरात्रि के इस गरबा उत्सव की शुरुआत मां जगदंबा की आरती से होती है और समापन भी आरती के साथ ही किया जाता है। प्रशासन की गाइडलाइन के अनुसार समय पर गरबा कार्यक्रम की शुरुआत और समाप्ति की जाती है।

## नगर में लगातार चोरी की वारदात, जवाहर नगर में भी मामला आया सामने

**नीमच। नीमच में चोर पुलिस को ठेंगा दिखाते हुए लगातार चोरी की वारदातें अंजाम दे रहे हैं। शहर के कई इलाकों से चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन पुलिस अभी तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर पाई है। सवाल यह है कि चोरी करने के बाद चोर अचानक कहां गायब हो जाते हैं और पुलिस इतनी खामोश क्यों है। शहर के अलग - अलग इलाको से लगातार चोरी की वारदाते सामने आ रही है वही गुरूवार को तीन बड़ी चोरी की वारदाते हुई है।**

### पहली चोरी –

बुधवार – गुरूवार की दरमियानी रात को चोरों ने सब्जी मंडी के पास स्थित दो दुकानों को निशाना बनाया। एक घटना में पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बाबू सलीम की दूकान में 70 हजार की चोरी की वारदात को अंजाम दिया 7 सीसीटीवी में चोरो की हरकत कैद हो गयी और केंट पुलिस ने भी जांच शुरू कर दी है।

### दूसरी चोरी –

हाट मैदान में दिवांश कंफेक्शनरी के पर भी बुधवार – गुरूवार की रात ही चोरो ने चोरी की वारदात को सफल अंजाम दे दिया 7 दुकान मालिक हरीश आडवानी ने कहा कि मुझे सूचना अखबार बांटने वाले से ही मिली। जिसके बाद पुलिस को सुचना दी गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज लिए है। मेरी दुकान से 11 हजार रूपए नकद चुराए गए हैं । उम्मीद करते हैं पुलिस जल्द खुलासा करेगी।

### तीसरी चोरी दिनदहाड़े हुई –

जवाहर नगर में गुरुवार दोपहर अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान का ताला तोड़कर 60–70 हजार रुपए नगद, सोने–चांदी के आभूषण और शासकीय दस्तावेज चोरी कर लिए। घटना सीसीटीवी में कैद हुई है, जिसमें दो



युवक मकान में प्रवेश करते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और चोरों की तलाश में विशेष टीम तैनात की गई है। वारदात के बाद इलाके में सुरक्षा को लेकर लोगों में दहशत का माहौल है।

### चोर मस्त, पुलिस पस्त–

नीमच में यह सिर्फ हाल की ही चोरी नहीं है, बल्कि बीते दिनों कई जगह चोरी की वारदातें सामने आई हैं। लेकिन अफसोस की बात यह है कि नीमच पुलिस एक भी चोर को सलाखों के पीछे नहीं डाल पाई है। सवाल यह उठता है कि क्या नीमच में चोरों की कोई गैंग सक्रिय हो गई है और वे पुलिस को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं।

### क्या है पुलिस की खामोशी का राज...

नीमच पुलिस आमतौर पर शहर की किसी भी घटना पर चंद घंटों में ट्रेस प्रेस नोट जारी कर देती है। लेकिन सवाल यह है कि चोरी करने वाले चोरों के मामले में ऐसा क्यों नहीं किया जा रहा। क्या ये चोर पुलिस से अधिक सक्षम हैं, जो लगातार खुलेआम चुनौती दे रहे हैं, जबकि पुलिस सिर्फ सीसीटीवी फुटेज देखकर खामोशी साधे बैठी है



## मेडिकल कॉलेज के डीन के इस्तीफ़े की मांग, जयस ने किया चक्काजाम

**नीमच। एमवाय अस्पताल में चूहों के काटने के बाद दो नवजातों की मौत के मामले को लेकर जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) ने नीमच में भी जोरदार प्रदर्शन किया। इंदौर में तीन दिन से प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शनकारी एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.अरविंद घनघोरिया और सुपरिटेंडेंट डॉ. अशोक यादव को सस्पेंड करने की मांग कर रहे हैं।**

नीमच में भी जयस संगठन के बैनर तलें जय जोहार के नारों के साथ आदिवासी युवा फव्वारा चौक पहुंचे और रास्ता बंद कर दिया। सूचना पर केंट पुलिस के जवान भी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

युवाओं ने पूरी सड़क को जाम कर दिया और इंदौर एमवाय अस्पताल डीन और प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जयस द्वारा स्वास्थ्य मंत्री से भी इस्तीफा माँगा जा रहा है। नीमच जयस जिलाध्यक्ष बद्रीलाल ने बताया कि इंदौर में चूहों के काटने के बाद आदिवासी समुदाय के दो बच्चों की अस्पताल में ही मौत हो गयी। इस मामले में प्रबंधन द्वारा लीपापोती की गई और मामलें को दबाने का प्रयास किया गया। हम चाहते हैं कि पीड़ित परिवार को न्याय मिले। जिम्मेदारों को सजा मिले।

## गौमांस हुआ टेक्स फ्री तो बजरंदल आया मैदान में, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**नीमच। विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने हाल ही में जारी अधिसूचना द्वारा गौमांस को करमुक्त घोषित किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे तत्काल निरस्त करने की माँग की है। इस संबंध में गुरुवार को विहिप व बजरंग दल के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा।**



ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 18 सितंबर 2025 को जारी अधिसूचना में गोवंशीय पशुओं का मांस ताजा व ठंडा (टैरिफ शीर्षक 0201) करमुक्त घोषित किया गया है। परिषद ने कहा कि यह निर्णय न केवल मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम के विपरीत है, बल्कि हिन्दू समाज की आस्थाओं को ठेस पहुँचाने वाला और सामाजिक असंतोष फैलाने वाला है। विहिप ने ज्ञापन में माँग की है कि अधिसूचना को तत्काल निरस्त किया जाए, गौमांस पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित हो तथा अवैध कसाइखानों पर कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही जिला एवं राज्य स्तर पर कसाईखाना नियंत्रण समिति गठित कर निगरानी, मांस बाजारों में रैंडम सैंपल जाँच और गौमांस को खाद्य श्रेणी से बाहर रखने की बात भी कही। परिषद ने यह भी सुझाव दिया कि गौमूत्र व गोबर आधारित उत्पादों को करमुक्त कर गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम उठाए जाएँ । ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि अधिसूचना वापस नहीं ली गई तो प्रदेश में व्यापक असंतोष और अशांति की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। परिषद ने गौमाता को विश्व की माता बताते हुए संस्कृत श्लोक उद्धृत कर गौ रक्षा को धर्म बताया।

ज्ञापन सौंपने वालों में लक्ष्मण राठौर, विनोद जायसवाल, दिलीप ग्वाला, कपिल बैरागी, जगदीश नाकगर, सूरज ग्वाला, नितिन बागड़ी, पवन पुरोहित और हरीश यादव सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिला अस्पताल मंदसौर में 28 सितंबर को विशाल स्वास्थ्य शिविर



**मंदसौर। आगामी रविवार, 28 सितम्बर को जिला अस्पताल मंदसौर में प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में इंदौर के अरविंदो मेडिकल कॉलेज से आए सुपर स्पेशलिस्ट एवं स्पेशलिस्ट डॉक्टर महिलाओं की जांच एवं उपचार करेंगे। शिविर का लक्ष्य 10 हजार महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण और निःशुल्क उपचार करना है।**

कलेक्टर अदिति गर्ग ने शिविर की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले की प्रत्येक महिला तक शिविर की जानकारी पहुँचे और अधिकतम संख्या में महिलाएं इसका लाभ उठाएं। समीक्षा बैठक में सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन सहित स्वास्थ्य विभाग, नगरीय निकाय, शिक्षा विभाग, जन अभियान परिषद और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शिविर का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए, स्वास्थ्य विभाग द्वारा माइक्रो प्लान तैयार कर व्यवस्थित जांच सुनिश्चित की जाए। अस्पताल की नियमित सेवाएं भी सुचारू रूप से चलें। अस्पताल परिसर में पार्किंग व्यवस्था बाहर की जाए तथा शिविर का पूरा रिकॉर्ड तकनीकी टीम द्वारा सुरक्षित रखा जाए। साथ ही डॉक्टरों की ड्यूटी का टाइम टेबल बनाकर लागू किया जाए।

शिविर में महिला शिक्षक, महिला एवं बाल विकास विभाग की कर्मचारी, स्व–सहायता समूह की महिलाएं, नगरीय निकाय की महिला स्टाफ, पुलिस की महिला कर्मचारी सहित सभी महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण होगा।

कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने जिले की सभी महिलाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुँचकर निःशुल्क जांच और उपचार का लाभ उठाएं।

## सही पोषण और स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम



**मंदसौर। पोषण माह के अंतर्गत सही पोषण, स्वच्छता ही सेवा विषय पर शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम केंद्रीय संचार ब्यूरो, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।**

कार्यक्रम में दीपज्योति युवा संगीत कला मंडल, देवास द्वारा पोषण, स्वच्छता एवं स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार विषय पर नाटक व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने उपस्थित जनसमूह को आकर्षित किया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण संबंधी प्रदर्शनी लगाई गई तथा फिटनेस चैलेंज के अंतर्गत योगासन का प्रदर्शन भी किया गया।

सीबीसी प्रभारी देवेंद्र कुमार ने परिचर्चा के दौरान बच्चों और युवाओं से फास्ट फूड–जंक फूड से दूर रहकर पारंपरिक भारतीय भोजन अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने सही पोषण के लिए दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद, हरी पत्तेदार सब्जियां, दालें और फल को आहार में शामिल करने पर जोर दिया।कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत सभी ने स्वच्छता की शपथ ली। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक दुर्गा चौधरी, राधा बैरागी, अरुणा भदोरिया, ममता पालीवाल, प्रतिमा बैरागी, मंगलेश चौहान, सीमा दीवर, रेखा माली, संतोष पालीवाल, कृष्णा राव, दुर्गा सांवरिया, ज्योति, मणि दसोरा, हेमंत साहू, रतन बैरागी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**एक नजर** | **मेडिकल कॉलेज मंदसौर में हुआ पहला देहदान**

## स्व. श्रीमती सोहन बाई कंकरेचा के पार्थिव शरीर को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया समर्पित

**मंदसौर। मंदसौर नगर के मेघदूत नगर निवासी स्व. श्रीमती सोहन बाई कंकरेचा के परिवार ने उनके पार्थिव शरीर का देहदान श्री सुंदरलाल पटवा मेडिकल कॉलेज, मंदसौर को किया। यह मेडिकल कॉलेज मंदसौर का पहला देहदान है, जो अध्ययन और शोध कार्य हेतु समर्पित हुआ है।**



कंकरेचा के पार्थिव शरीर को पुलिस जवानों द्वारा राजकीय सम्मान गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना, पूर्व विधायक सिसोदिया, मेडिकल कॉलेज के डीन सहित अधिकारीगण एवं परिजन मौजूद रहे।

कलेक्टर अदिती गर्ग ने कहा कि मेडिकल कॉलेज मंदसौर में यह पहला अकादमिक देहदान विद्यार्थियों के अध्ययन और अनुसंधान में मील का पत्थर साबित होगा। देहदान वास्तव में महादान है, जिससे समाज को नई दिशा और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलेगी।

स्व. श्रीमती कंकरेचा से प्रेरित होकर उनके पति छगनलाल कंकरेचा ने भी देहदान का संकल्प लिया है और इसके लिए मेडिकल कॉलेज में फॉर्म जमा करवा दिया है। परिवार के अन्य सदस्य भी इस महान कार्य से प्रभावित हुए हैं।

इस अवसर पर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने स्व. श्रीमती कंकरेचा को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके परिवार को इस प्रेरणादायी कार्य हेतु सम्मानित किया।